राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांकः प. 3(16)गृह–1/2017 भाग।। पार्ट जयपुर, दिनांक 27.09.2021

गृह (ग्रुप–6) विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर
डाक संख्या 3159
दि. 29/9/21

श्री प्रवीण झा, क्वाटर नं. सी–4,
एफ.एस.एल कॉलोनी, सिविल लाईन्स,
सागर, मध्य प्रदेश– पिन 470003

विषयः–राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिक) के पद पर चयन निरस्त करने बाबत्।

संदर्भः–विभाग का समसंख्यक पत्र दिनांक 19.08.2021

प्रसंगः–निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित आपका प्रार्थना पत्र दिनांक 28.07.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भौतिक खण्ड में चयन उपरांत, निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, जयपुर द्वारा आपकों प्रेषित पत्र दिनांक 08.07.2021 के जरिये स्वास्थ्य परीक्षण करवाने हेतु मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने के लिए अथवा उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नहीं होने पर सहमति/असहमति प्रस्तुत किये जाने का लेख किया गया था। उक्त पत्र के क्रम में आपका ई–मेल दिनांक 28.07.2021 मार्फत निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, जयपुर के द्वारा अवगत करवाया गया कि वित्तीय क्षति के कारण, आप उक्त पद हेतु इच्छुक नहीं है।

उक्त के पश्चात् आपको दिनांक 19.08.2021 को अपना लिखित पक्ष प्रस्तुत करने हेतु 10 दिवस का अतिरिक्त समय और प्रदान किया गया, परन्तु आदिनांक तक उक्त के संबंध में आपका कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिक) के पद पर आपका चयन एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

भवदीय

(रामनिवास मेहता)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव/विशिष्ठ शासन सचिव, गृह।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान जयपुर।
4. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वैब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
5. सम्बन्धित अभ्यर्थी मार्फत निदेशक, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राज0 जयपुर।
6. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

27/9/2021
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस